राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur



हवामहल

बच्चों का झरोखा

08 जुलाई 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 12

छोटे नाना जी के घर

आज की कविता

नानी के घर जब जाना होता है तो मामा जी की बिल्ली के साथ खेलने में बड़ा मजा आता है। बिल्ली भी ऐसी जो पल पल रूप बदलती है। कभी उसके कान बड़े हो जाते हैं तो कभी आँखें छोटी हो जाती हैं। कभी पूंछ लंबी हो जाती है तो कभी छोटी। लेकिन मामा जी की बिल्ली हरदम खेलती रहती है। पूरी कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक कीजिए।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Kavi Agyat

मधुमक्खी और हाथी

आज की कहानी

छोटी मधुमक्खी अपने घर का रास्ता भूल गई है। हाथी ने सूँड से उठाकर उसे घोंसले पर पहुँचा दिया, पर यह तो चिड़िया का घर है। फिर हाथी ने सूँड पर बिठाकर उसे दूर एक गुफा में पहुंचा दिया, पर यह तो शेर का घर है। अब मधुमक्खी अपने घर कैसे पहुँचेगी? सुनते हैं ये कहानी। सुनने के लिए चित्र पर क्लिक कीजिए ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

नानू की नहीं

आज की किताब

नानू हर बात मे बस एक ही बात कहती है नहीं!नहीं!नहीं! माँ बोलती हैं कि नानू इस काम में मेरी मदद करो तो नानू कहती नहीं! पापा कहते, नानू नहा लो, तो नानू कहती नहीं! शेरु को खाना दे दो - नहीं! बाजार चलो - नहीं! पर एक बात ऐसी आई जब नानू को 'नहीं' कहने पर दुबारा सोचना पड़ा और 'हाँ' कहना पड़ा। क्या हुआ? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कीजिए।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

राजसी मुकुट

आज की गतिविधि

बचपन में राजा रानी और राजकुमार राजकुमारी बनने का हम सबको बड़ा शौक रहा है। नए- नए स्वांग धरना किसे नहीं पसंद। नए- नए किरदार के लिए वेश भूषा बनाना भी मजेदार काम रहता है। कभी मुखौटे तो कभी मुकुट। तो आज हम एक राजसी मुकुट बनाना सीखेंगे। बनाने की पूरी विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। 123 Easy Paper Crafts DIY

क्या सीखा- कैसे सीखाया ?

टीचर्स कॉर्नर

जब एक शोधार्थी और उसके अध्यापक एक गंभीर प्रश्न पर मिलकर काम करते हैं तो अध्यापक का काम शोधार्थी के शोधकार्य के साथ ही उसकी समझ बनाने का भी होता है। प्रस्तुत आलेख में अध्यापक कृष्णकुमार और शोधार्थी पायल यादव ने मिलकर अपने अनुभव लिखे हैं। पूरा आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Shiksha Vimarsh

नींद किस चिडियां का नाम है ?

हमारा पुस्तकालय

कभी कभी पुस्तकालय में किसी किताब का नाम देखकर ही उसे उठाने और उलटने पलटने का मन हो जाता है। इसलिए शीर्षक बहुत सोच समझकर बनाए जाते हैं। राजेश जोशी की कविताओ का संकलन 'नींद किस चिड़िया का नाम है' एक ऐसी ही आकर्षक किताब है। उसके बारे में शिवांशु मिश्रा का लिखा यह ब्लॉग पढ़िये।

शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 167वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें ।